# अरमान | by Priyanka Shyam Diwani

जो भी जहाँ में पाया है बाबा तेरी माया
मैं हूँ बस तेरा तू है बस मेरा श्याम ..........

मेरे श्याम की कृपा से मेरा नाम हो रहा है
मेरी ज़िन्दगी का पूरा अरमान हो रहा है
श्याम मेरे श्याम...............

मैंने नाम तेरा गाय दुखो को है भुलाया
तूने मुझे ओ बाबा अपने गले लगाया
तेरी कृपा का चर्चा खुलेआम हो रहा है
मेरी ज़िन्दगी का पूरा अरमान हो रहा है
श्याम मेरे श्याम...............

मैं तो नहीं हूँ लायक तूने ज़िन्दगी बनाई
तेरा नाम लेते लेते मैंने हर ख़ुशी है पाई
जीवन में धीरे धीरे आराम हो रहा है
मेरी ज़िन्दगी का पूरा अरमान हो रहा है

जो भी जहाँ में पाया है बाबा तेरी माया
मैं हूँ बस तेरा तू है बस मेरा श्याम ..........

बाबा ये तेरी कृपा मुझपे बनाये रखना
सेवा में तेरी बाबा मुझको लगाए रखना
ऋषभ भी बाबा तेरा गुणगान कर रहा है
मेरी ज़िन्दगी का पूरा अरमान हो रहा है
मेरे श्याम की कृपा से मेरा नाम हो रहा है
मेरी ज़िन्दगी का पूरा अरमान हो रहा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%b0%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-priyanka-shyam-diwani/